**भारत सरकार**

**कोयला मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 1723**

**जिसका उत्तर 13 दिसंबर, 2023 को दिया जाना है**

**ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा सीएसआईआर कल्याण परियोजनाएं**

**1723. श्री शिशिर कुमार अधिकारी:**

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) द्वारा वर्ष 2000 से आरम्भ की गई सीएसआईआर/कल्याण परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने वर्ष 2000 से सीएसआईआर का अपना पूरा बजट व्यय कर दिया है और यदि हां, तो इसके लिए वर्ष-वार आवंटन और व्यय क्या है;

(ग) सीएसआईआर कल्याण परियोजनाओं के अंतर्गत वर्ष 2000 से अब तक आरम्भ किए गए स्कूलों, अस्पतालों, खेल के मैदानों और पुनर्वास परियोजनाओं और प्रदान की गई लीज/लाइसेंस का ब्यौरा क्या है और उनकी वर्तमान स्थिति क्या है; और

(घ) ईसीएल की पट्टे पर दी गई लाइसेंसप्राप्त संपत्ति का ब्यौरा क्या है जो वर्ष 2000 से विकास प्रयोजनार्थ पंजीकृत हैं?

**उत्तर**

**संसदीय कार्य, कोयला एवं खान मंत्री**

**(श्री प्रल्हाद जोशी)**

**(क) से (ख)** : कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के अंतर्गत कंपनी (कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व नीति) नियम, 2014 दिनांक 01.04.2014 से लागू हुए। इसलिए ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) द्वारा वित्तीय वर्ष 2014-15 से शुरू की गई कॉरपोरेट सामाजिक

उत्तरदायित्व (सीएसआर) परियोजनाएं **अनुबंध क** में दी गई है। वर्ष 2000 से सीएसआर के वर्ष-वार आबंटन और व्यय का ब्यौरा **अनुबंध ख** में दिया गया है।

**(ग) से (घ) :** स्कूलों और अस्पतालों के संबंध में सीएसआर परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध ग** में दिया गया है। ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) ने सीएसआर के तहत विकास कार्यकलापों के उद्देश्य से वर्ष 2000 से पट्टे पर ली गई लाइसेंसप्राप्त संपत्ति को पंजीकृत नहीं किया है।

****

**अनुबंध क**

**ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा सीएसआर कल्याण परियोजनाओं के संबंध में दिनांक 13.12.2023 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1723 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।**

**ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में शुरू की गई कल्याणकारी कार्यकलापों का विवरण**

| क्र.सं. | शुरू किए गए कल्याणकारी कार्य |
|---|---|
| 1 | ईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में नियमित रूप से घरों की मरम्मत और टाउनशिप रखरखाव किया जाता है। |
| 2 | ईसीएल कमांड क्षेत्रों में और उसके आसपास के कर्मचारियों और ग्रामीणों को नियमित आधार पर पानी की आपूर्ति की जाती है। |
| 3 | निजी रूप से प्रबंधित स्कूलों को आवर्ती अनुदान और अन्य शैक्षिक संस्थानों को गैर-आवर्ती अनुदान इन संस्थानों के उचित कार्यकरण के लिए नियमित आधार पर प्रदान किए जाते हैं। |
| 4 | ईसीएल कर्मचारियों के मेधावी बच्चों को छात्रवृत्ति। |
| 5 | ईसीएल के पात्र कर्मचारियों को मासिक आधार पर एलपीजी प्रतिपूर्ति |
| 6 | ईसीएल के कर्मचारियों के लिए नियमित चिकित्सा सुविधाएं और पीएमई |
| 7 | ईसीएल कमांड क्षेत्रों में और उसके आसपास के गांवों/स्कूलों में स्वास्थ्य शिविर, टीकाकरण, रक्तदान शिविर, एचआईवी/एड्स जागरूकता कार्यक्रम, थायराइड जागरूकता और नेत्र जाँच शिविर आदि आयोजित किए जाते हैं। |
| 8 | ईसीएल के नए और मौजूदा खेल के मैदानों का विकास और रखरखाव |
| 9 | ईसीएल में कैलेण्डर के अनुसार अंतर क्षेत्र एवं अन्तरकम्पनी खेल का आयोजन किया जाता है। |
| 10 | सैंकटोरिया और केंद्रीय अस्पताल कल्ला में सुपर स्पेशियलिटी क्लीनिक काम कर रहे हैं। चेन्नई, हैदराबाद और कोलकाता के डॉक्टर नियमित आधार पर इन केंद्रों का दौरा करते |

| | |
|---|---|
| | हैं। |
| 11 | सेंट्रल हॉस्पिटल कल्ला में नर्सिंग स्कूल पूरे पश्चिम बंगाल के युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। |
| 12 | ईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में प्रमुख सिविल संबंधित गतिविधियां जैसे सड़कों, नालियों, शौचालयों आदि का निर्माण और रखरखाव नियमित आधार पर किया गया है। |
| 13 | ईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में 82 कैंटीन प्रचालनरत हैं। |
| 14 | नियमित अंतराल पर सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। |
| 15 | ईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में 27 बैंक शाखाएं प्रचालनरत हैं। |
| 16 | ईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में सहकारी समितियां प्रचालनरत हैं। |

**अनुबंध ख**

**ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा सीएसआर कल्याण परियोजनाओं के संबंध में दिनांक 13.12.2023 को पूछे जाने वाले लोक सभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 1723 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।**

| **सीएसआर बजट आवंटन और व्यय का विवरण** (लाख रुपये) | | |
|---|---|---|
| **वर्ष** | **बजट** | **व्यय** |
| 2014-15 | 2770.00 | 2485.68 |
| 2015-16 | 3317.00 | 6261.00 |
| 2016-17 | 2919.00 | 2161.67 |
| 2017-18 | 2064.00 | 1268.81 |
| 2018-19 | 876.68 | 1645.49 |
| 2019-20 | 1003.00 | 1147.67 |
| 2020-21 | 1008.00 | 1155.58 |
| 2021-22 | 1257.00 | 1385.84 |
| 2022-23 | 648.00 | 692.13 |

**अनुबंध ग**

**ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा सीएसआर कल्याण परियोजनाओं के संबंध में दिनांक 13.12.2023 को पूछे जाने वाले लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1723 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।**

| **वर्ष 2014-15 से 2022-23 तक कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व परियोजना** (लाख रूपए में) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **क. विद्यालय** | | | | |
| क्र.सं. | **कार्यकलापों का नाम** | **स्थान** | | **बजट परिव्यय** |
| | | **जिला** | **राज्य** | |
| 1 | पश्चिम बंगाल में ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों में 100 एकल विद्यालयों को सहायता। | पश्चिम बर्दवान | पश्चिम बंगाल | 8.79 |
| 2 | एस.पी. माइंस क्षेत्र के अंतर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय, तंबाजोर, जामताड़ा में कॉमन लैब का निर्माण | देवघर | झारखंड | 24.26 |
| 3 | सालानपुर क्षेत्र, ईसीएल की सीएसआर योजना के तहत रामकृष्ण मिशन आश्रम में सभागार का अवसंरचना विकास | पश्चिम बर्दवान | पश्चिम बंगाल | 22.80 |
| 4 | बरातर विवेकानंद शिशु मंदिर, बरातार, पुरुलिया में नए स्कूल भवन का निर्माण। | पुरुलिया जिला | पश्चिम बंगाल | 19.08 |
| 5 | ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों में 100 एकल विद्यालय | पुरुलिया जिला | पश्चिम बंगाल | 13.20 |
| 6 | ईसीएल-सीएसआर के तहत ईसीएल मुख्यालय के नजदीकी प्राथमिक विद्यालयों में जल-सह-शोधक, पानी की टंकी और सबमर्सिबल पंप की स्थापना। | पश्चिम बर्दवान | पश्चिम बंगाल | 1.97 |
| 7 | प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के लिए शिक्षा | पश्चिम | पश्चिम | 4.99 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | सहायता कार्यक्रम। | बर्दवान | बंगाल | |
| | | | **कुल** | **95.09** |

**ख. स्वास्थ्य**

| क्र.सं. | **कार्यकलापों का नाम** | **स्थान** | | **बजट परिव्यय** |
|---|---|---|---|---|
| | | **जिला** | **राज्य** | |
| 1 | बांकुड़ा में मातृबेदी शमयिता जीवन सूर्या अस्पताल सेवा और नैदानिक इकाई का उन्नयन | बांकुड़ा | पश्चिम बंगाल | 30.26 |
| 2 | पुनर्दष्टि आई एंड जनरल हॉस्पिटल को ए-स्कैन बायो मीटर मॉडल इकोरूल प्रो और 5 कदम उपकरणों के साथ स्लिट लैंप एआईए की खरीद और स्थापना के लिए वित्तीय सहायता | पश्चिम बर्धमान | पश्चिम बंगाल | 4.28 |
| 3 | देवघर जिले के विभिन्न अस्पतालों, स्वास्थ्य केंद्रों और अन्य कोविड केंद्रों में कोविड देखभाल केंद्रों के लिए अवसंरचना के विकास और मरम्मत तथा चिकित्सा उपकरणों की खरीद के लिए धनराशि प्रदान करना। | देवघर | झारखंड | 300.00 |
| 4 | दुमका जिले के सरैयाहाट ब्लॉक के हंसडीहा में नवनिर्मित अस्पताल भवन में 200 बिस्तरों वाले समर्पित कोविड अस्पताल (डीसीएच) की स्थापना | दुमका | झारखंड | 172.35 |
| | | | **कुल** | **506.89** |